Hindi

# Manurewa
# मुख्य संपर्क एवं आपातकालीन सूचना

ऐसी आपात स्थितियों के लिए **111** डायल करें जहाँ जीवन या संपत्ति को गंभीर, तत्काल या निश्चित खतरा हो और पुलिस, फायर (अग्निशमन) या एम्बुलेंस को बुलाएं।

** यदि आपको सुनने या फोन पर बात करने में कठिनाई होती है, तो आपातकालीन टैक्स्टिंग सेवा '**111 TXT**' का उपयोग करने के लिए police.govt.nz/111-txt/how-register-111-txt पर रजिस्टर (पंजीकरण) करें।*

** तुरंत समुद्री सहायता के लिए, कोस्टगार्ड मरीन असिस्टेंस को **VHF चैनल 16** पर संपर्क करें।*

## ऑकलैंड एमरजेंसी मैनेजमेंट

**0800 222 200 डायल करें**

aucklandemergencymanagement.org.nz
**aeminfo@aucklandcouncil.govt.nz**
सोशल मीडिया: @aklcdem @AucklandCDEM

**ऑकलैंड काउंसिल के लिए (09) 301 0101 डायल करें**

aucklandcouncil.govt.nz

## आपातकालीन जानकारी के लिए रेडियो स्टेशन

- Radio New Zealand 756 AM or 101.4 FM
- Newstalk ZB 89.4 FM
- The Hits 97.4 FM
- More FM 91.8 FM
- Radio Samoa 1593 AM
- Radio Waatea 603 AM
- Radio Spice 88 FM
- Humm 104.2 FM
- Radio Tarana 1386 AM
- Planet FM 104.6 FM
- Pacific Media Network 531 AM
- New Zealand Chinese Radio 90.6 FM
- Radio Tama-Ohi 87.7 FM

## स्थानीय दुर्घटना एवं आपातकालीन देखभाल क्लिनिक

- **Bakersfield Medical and Urgent Care**, 16 Bakerfield Place, Manukau | **09 2367770**
- **Local Doctors Otara**, 3 Watford Road, Otara **09 274 3414 | 09 274 3414**
- **Middlemore Hospital**, 100 Hospital Road, Middlemore | **09 276 0044**
- **Healthline New Zealand** 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन फोन पर स्वास्थ्य सेवा भी प्रदान करता है, आप स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से नि:शुल्क स्वास्थ्य सलाह, जानकारी और उपचार के लिए फोन कर सकते हैं | **0800 611 116**

## Marae (मराय)

- **Manurewa Marae,**
  81 Finlayson Avenue, Clendon Park
  **09 267 8768** | admin@manurewamarae.co.nz
  facebook.com/manurewamarae01

## समस्या की सूचना दें

**यदि जीवन खतरे में हो तो 111 डायल करें।**

### बिजली
Vector Electricity की आउटेज (बिजली की कटौती) और खराबी के लिए, vector.co.nz/personal/outages-faults पर ऑनलाइन रिपोर्ट करें।

### गैस
यदि आपको गैस या जहरीले धुएं की गंध आ रही है तो सबसे पहले फायर एंड इमरजेंसी न्यूज़ीलैंड को **111** पर डायल करें। आप सीधे अपने गैस आपूर्तिकर्ता से भी संपर्क कर सकते हैं। Vector Gas को संपर्क करने के लिए **0800 764 764** पर फोन करें।

### इंटरनेट
अपने ब्रॉडबैंड से संबंधित किसी समस्या की रिपोर्ट करने के लिए अपने प्रदाता से संपर्क करें। ब्रॉडबैंड में रुकावट को रियल टाइम (वास्तविक समय) में देखने के लिए chorus.co.nz/outages पर जाएं।

### बाढ़ आना
ऑकलैंड काउंसिल को बाढ़ की रिपोर्ट करने के लिए **(09) 301 0101** पर फोन करें।

### जल आपूर्ति और गंदा पानी
किसी समस्या की रिपोर्ट करने के लिए, Watercare को Live Chat के जरिए watercare.co.nz पर संपर्क करें या **(09) 442 2222** नंबर पर फोन करें और **1** दबाएं। आउटेज या खराबी के लिए यहाँ जाएं watercare.co.nz/Faults-outages/Current-outages-and-upcoming-shutdowns

### गिरे हुए पेड़ या मलबा
सार्वजनिक भूमि पर गिरे हुए पेड़ों या मलबे की रिपोर्ट करने के लिए ऑकलैंड काउंसिल के 'Report a Problem' टूल पर जाएं। aucklandcouncil.govt.nz/report-problem/Pages/report-a-problem.aspx

### सड़कें
किसी बहुत जरूरी स्टेट हाईवे (राज्य राजमार्ग) मुद्दे की रिपोर्ट करने के लिए, NZ Transport Agency को **0800 44 44 49** पर फोन करें। किसी गैर-जरूरी मुद्दे की रिपोर्ट करने के लिए, यहाँ जाएं nzta.govt.nz/contact-us/email-us/state-highway-issue-or-feedback

ऑकलैंड मुख्य सड़क संबंधी तत्काल समस्या की रिपोर्ट करने के लिए ऑकलैंड ट्रांसपोर्ट को **(09) 355 3553** नंबर पर फोन करें। किसी गैर-जरूरी मुद्दे की रिपोर्ट करने के लिए Auckland Transport की वेबसाइट contact.at.govt.nz पर जाएं।

स्टेट हाईवेज़ पर रुकावटों को देखने के लिए NZ Transport Agency के Waka Kotahi के यात्रा प्लानर को journeys.nzta.govt.nz/journey-planner पर देखें।

मुख्य सड़कों पर व्यवधानों यानि रुकावटों और सड़क निर्माण कार्यों एवं रुकावटों के बारे में जानने के लिए Auckland Transport के वेबपेज at.govt.nz/projects-initiatives/roadworks-and-disruptions को देखें।

# आपातकालीन कार्यवाहियाँ

**अपने परिवार की आपातकालीन घरेलू योजना को कार्यान्वित करें।**

**अगर जान को खतरा हो तो 111 नंबर डायल करें**

## अगर आप घर पर सुरक्षित हैं

- घर पर ही रहें।
- अपने आपातकालीन सामान का उपयोग करें।
- आधिकारिक स्रोतों के माध्यम से जानकारी प्राप्त करें:
  - ऑकलैंड एमरजेंसी मैनेजमेंट
  - नेशनल एमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी
  - रेडियो स्टेशन (RNZ, Newstalk, The Hits, MoreFM)
  - Met Service & app (मौसम सेवा और ऐप)
  - GeoNet & app (जीयोनेट और ऐप)
- अपने पड़ोसियों और आस-पास के अन्य लोगों की खोज-खबर लें।
- अपने परिवार और दोस्तों से संपर्क में रहें।

**टैक्स्ट या सोशल मीडिया का उपयोग करें, जिन लोगों को तुरंत सहायता की जरूरत हो उनके लिए फोन लाइनों को खाली रखें।**

## अगर आप घर पर असुरक्षित हैं

- अपने ग्रैब बैग (एमरजेंसी के लिए तैयार किया बैग) को साथ ले जाएं।
- अपने निकासी मार्गों का उपयोग करें।
- यदि संभव हो तो, सुरक्षित परिवार या मित्रों के साथ रहें या अपने निकटतम सामुदायिक आपातकालीन केंद्र पर जाएं या अपने निकटतम कम्युनिटी एमरजेंसी हब/सिविल डिफेंस सैंटर में जाएं। रेडियो स्टेशनों को सुनें या ऑकलैंड एमरजेंसी मैनेजमेंट की वेबसाइट/सोशल मीडिया पर देखें कि कौन से स्थान खुले हैं। नागरिक सुरक्षा केंद्रों में टेलीफोन पर भाषा दुभाषिए उपलब्ध हैं।

**आपातकालीन सेवाओं द्वारा आपको खाली करने के लिए कहे जाने का इंतजार न करें।**




## क्या आपकी आपातकाल के दौरान स्वयंसेवा करने में रुचि है?

स्वयंसेवा के अवसरों के लिए अपने स्थानीय सामुदायिक आपातकालीन केंद्र से संपर्क करें या ऑकलैंड एमरजेंसी मैनेजमेंट की वेबसाइट पर जाएं।

# यदि आपको क्लिनिक की जरूरत पड़े

यदि संभव हो तो ऐसे परिवार या मित्रों के साथ रहें जो सुरक्षित हों। फिर सोशल मीडिया चैनलों, वेबसाइटों या रेडियो से जानकारी लें कि कौन से सिविल डिफेंस सैंटर्स या सामुदायिक आपातकालीन केंद्र खुले हैं।




*Manurewa के आसपास सहायता प्राप्त करने या निकासी (खाली करके जाने) के लिए स्थानों को दर्शाने वाला मानचित्र (मैप)*

# किसी आपातस्थिति की तैयारी के लिए सबसे प्रमुख युक्तियां

अपने खतरों को जानें। अपने घर, काम की जगह और स्कूल के लिए ऑकलैंड एमरजेंसी मैनेजमेंट के Hazard Viewer (हैज़र्ड व्यूअर) को देखें।

यदि आपको घर खाली करना पड़े तो आप कहाँ जा सकते हैं इस बारे में जानें। अपने निकासी मार्गों की योजना बनाएं।



घर-परिवार की योजना बनाएं, जिसमें निकासी भी शामिल हो।




यदि आपको घर छोड़ कर जाना पड़े तो एक ग्रैब बैग तैयार रखें।



अपने घर और कार में आपातकालीन समय के लिए सामान रखें।




अपने समुदाय के साथ तैयारी करें और अपने समुदाय की आपातकालीन योजना को जानें।

अपने पास अतिरिक्त नकद राशि रखें। अपनी बीमा (पॉलिसी) की जाँच करें और उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप में तथा हार्ड कॉपी (कागज़) के रूप में पास रखें।



अपने पड़ोसियों से जान-पहचान करें और एक-दूसरे का ख्याल रखें।



अपने लाइफ़स्टाइल ब्लॉक या फ़ार्म को तैयार करें।



अपने व्यवसाय को तैयार करें।

तैयारी के बारे में अधिक सुझावों के लिए getready.govt.nz पर जाएं।

खतरे को कम करने, तैयारी, प्रतिक्रिया और रिकवरी के बारे में सुझावों के लिए अपनी स्थानीय बोर्ड आपातकालीन तत्परता और प्रतिक्रिया योजना को पढ़ें।

खतरों को कम करने, आपातकालीन तैयारी, प्रतिक्रिया और रिकवरी पर अधिक जानकारी के लिए **aucklandemergencymanagement.govt.nz** पर जाएं